प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात
दिनांक- 22.05.2025

- **थाना मंगलपुर पुलिस टीम द्वारा ठगी कर पुराने जेवर बदलकर नये जेवर देने की बात कहकर गांव की महिलाओ से धोखाधडी कर जेवर लेने में वांछित 01 नफर अभियुक्ता को किया गया गिरफ्तार।**
- **गिरफ्तार अभियुक्ता से एक जोडी पायल, एक बाजूबन्द सफेद धातु, एक गले की माला काले मोती व पीली धातु मोती एक नाक की नॉज पिन पीली धातु व 33,300 रूपये किया गया बरामद।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर रेन्ज, कानपुर, श्री हरीश चन्दर के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री अरविन्द मिश्र के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में वांछित अपराधियो की गिरफ्तारी व अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में दिनांक 21.05.2025 को थाना मंगलपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 206/2025 धारा 316(2)/318(4)/317(2) बीएनएस बनाम अज्ञात महिला पंजीकृत किया गया था। मुकदमा उपरोक्त में प्रकाश में आयी अभियुक्ता रेखा पत्नी सुरेश उम्र 37 वर्ष निवासिनी काँटा टोली जनपद राँची झारखण्ड को दिनांक 22.05.2025 को झींझक ओवर ब्रिज के नीचे रेलवे लाइन के किनारे स्टेशन की तरफ कस्बा झींझक थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात से समय 10.55 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्ता को माननीय न्यायालय के समक्ष नियमानुसार प्रस्तुत किया जा रहा है।

पूछताछ का विवरण-

अभियुक्ता रेखा उपरोक्त ने पूछताछ पर बताया कि साहब मै घुमन्तू (खानाबदोश) समुदाय से हूँ। हम लोग जगह-जगह स्टेशनों पर झोपडी बना कर रहते है, हमारा कोई स्थायी निवास नही है। मैने गाँव-गाँव घूमकर अलग-अलग महिलाओं से सोने, चाँदी के सामान को नया करने की बात कहकर कई महिलाओं से जेवर लिये थे। जिनमें से कुछ जेवरात को मैने अनजान राह चलते लोगों को बेच दिया है। बेचने के बाद जो पैसे मिले थे उसमें से कुछ पैसे खर्च हो गये है तथा 33,300 रू0 मेरे पास शेष बचे है, जो आपने मुझसे बरामद किये है तथा शेष जो जेवर बचे थे उनमें एक जोडी पायल, एक बाजूबन्द, एक गले की माला काले मोती व एक नाक की नॉज पिन जो आपको मैने अपनी तलाशी में दिये है।

गिरफ्तार अभियुक्ता का विवरण-

1. रेखा पत्नी सुरेश उम्र 37 वर्ष निवासिनी काँटा टोली जनपद राँची (झारखण्ड)।

गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरण-

1.उ0नि0 श्री सूरजपाल सिंह
2.हे0कां0 222 शुभनीत सिंह
3.म0हे0कां0 196 सरिता यादव